पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 760 /सा.प्रशा./सू.अधि./20 रायपुर, दिनांक : 05/03/2020

अधिसूचना

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 14.02.2020 में प्रस्तुत प्रस्ताव क्रमांक (5) पर लिये गये निर्णयानुसार "विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक 2979/सा.प्रशा./सू.अधिकार/2006 रायपुर, दिनांक 11.05.06 की कंडिका क्रमांक 1 (vii) को विलोपित किया जाता है।

अधिसूचना का संशोधित स्वरूप निम्नानुसार है–

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपबंधों पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय निम्नलिखित सूचना को प्रकट करने से विमुक्त रहेगा जब तक लोकहित में उसका प्रकटीकरण लोकसूचना अधिकारी द्वारा आवश्यक नहीं समझा जाएगा।

1. विश्वविद्यालयीन परीक्षा एवं गोपनीय विभाग से संबंधित :–
   - (i) परीक्षा समिति के सदस्यों की बैठकों का विवरण
   - (ii) परीक्षकों के पैनल
   - (iii) पेपर सेटर्स के नाम
   - (iv) मूल्यांकनकर्ताओं के नाम
   - (v) प्रश्नपत्र के मुद्रक का नाम
   - (vi) परीक्षाफल तैयार करने संबंधी समस्त कार्य
2. चयन समिति :–
   - (i) साक्षात्कार के पूर्व चयन समिति के सदस्यों की जानकारी
   - (ii) नियुक्ति के पूर्व चयन समिति की अनुशंसा
3. प्रक्रिया पूर्ण होने के पूर्व विश्वविद्यालय को प्राप्त निविदा एवं भावपत्र की जानकारी तथा संबंधित प्रक्रिया (क्रय संबंधी)।
4. बौद्धिक सम्पदा से संबंधित किसी अध्येता द्वारा किये गए शोध कार्य जिसे वह प्रकट न करना चाहे।
5. कर्मचारियों एवं अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली।
6. विभागीय पदोन्नति समिति की कार्यवाही विवरण (PROCEEDINGS)
7. गोपनीय प्रकृति के अभिलेख।
8. कार्यपरिषद की बैठक के दौरान की गई कार्यवाही तथा अभिलेख, कुलपति, कुलसचिव अथवा अन्य अधिकारियों से विचार–विमर्श से संबंधित अभिलेख।

आदेशानुसार

5.3.20

कुलसचिव

पृ.क्र./761/सा.प्रशा./सू.अधि./2020 रायपुर, दिनांक : 05/03/2020

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभाग प्रमुख/अध्ययनशाला/समस्त प्रशासनिक शाखा, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।
2. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।

उपकुलसचिव (प्रशा.)